आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 24.02.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा – राष्ट्र दिन–प्रतिदिन अंतरिक्ष विज्ञान में नई उंच्चाईया छू रहा है।
2. भारत सरकार ने स्नातकों के लिए पी एम इंटर्नशिप कार्यक्रम शुरू किया है। ।
3. सांसद ने एयर एशिया की अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों के लिए लैंडिंग चार्ज और शुल्क में रियायत की मांग की।
4. चैंपियंस ट्रॉफी एक दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता में कल रात भारत ने पाकिस्तान को छह विकेट से हराया।

<><><><><><><>

आकाशवाणी पर अपने मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने लोगों से बच्चों और युवाओं में विज्ञान के बारे में जिज्ञासा बढ़ाने के लिए वैज्ञानिक रूप में एक दिन बिताने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि युवाओं की भागीदारी से अंतरिक्ष और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे विभिन्न क्षेत्रों में नई क्रांति आ रही है। उन्हों्ने इस बात पर गर्व व्यक्त किया कि देश ने पिछले महीने इसरो के जरिए अपना 100वां रॉकेट छोड़ा। उन्होंने कहा कि इससे पता चलता है कि राष्ट्र दिन प्रतिदिन अंतरिक्ष विज्ञान में नई ऊंचाइयां छू रहा है।

प्रधानमंत्री ने अंतरिक्ष वैज्ञानिकों की टीम में नारी शक्ति की भागीदारी बढ़ने पर भी संतोष व्यक्त किया। श्री मोदी ने आठ मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाए जाने की भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि यह नारी शक्ति को नमन करने का विशेष अवसर है। प्रधानमंत्री ने घोषणा की कि इस बार महिला दिवस पर वे एक ऐसी पहल करने जा रहे हैं जो हमारी नारी शक्ति को समर्पित होगी।

<><><><><><><>

भारत सरकार के कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय ने युवा स्नातकों को इंटर्नशिप अवसरों के माध्यम से कौशल विकास और व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने के लिए पी एम इंटर्नशिप कार्यक्रम की शुरूआत की है। इस पहल का उद्देश्य इंटर्न और कंपनी के बीच संबंध स्थापित करना है। जिसमें कंपनी इंटर्न को प्रशिक्षण, अनुभव और कौशल प्राप्त करने का अवसर प्रदान करती है। जिन उम्मीदवारों ने आई टी आई सर्टिफिकेट, डिप्लोमा या स्नातक डिग्री हासिल की है, वे इस कार्यक्रम में भाग ले सकते हैं। योग्य उम्मीदवारों से आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से पी एम इंटर्नशिप कार्यक्रम के लिए पंजीकरण कराने को कहा गया है।

<><><><><><><>

भारत सरकार के वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के सहयोग से मत्स्य विभाग ने एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य दक्षिण अण्डमान ज़िले के स्थानीय मछली निर्यातकों और व्यापारियों को अंतर्राष्ट्रीय बाज़ारों में निर्यात की प्रक्रिया और पंजीकरण से संबंधित जानकारी देना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मत्स्य विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ.के. गोपाल ने कॉमन चिल्ड फिश हैण्डलिंग यूनिट पर प्रकाश डाला, जिसमें कम लागत में मछली को विदेशों में निर्यात के लिए तैयार किया जा सकेगा। इस अवसर पर मरिन प्रोडेक्स एस्पोर्ट डेवलोपमेंट एथोरिटी कोच्ची के सहायक निदेशक ए. शक्तिवेल और एन एफ डी बी के गर्वनिंग बॉडी के सदस्य एस. यू. महेश्वर राव भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन दक्षिण अण्डमान के सहायक मत्स्य निदेशक जी. अम्मलाथीबन के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

<><><><><><><>

सांसद  बिष्णु पद रे ने गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर एयर एशिया की कोलालामपुर–श्री विजयपुरम उड़ानों के लिए लैंडिंग चार्ज माफ करने और एयरपोर्ट शुल्क में पचास प्रतिशत छूट देने की मांग की है। उन्होंने पत्र में उल्लेख किया है कि यह अंतर्राष्ट्रीय उड़ान सेवा दस नवम्बर–दो हजार चौबीस को शुरू हुई थी, लेकिन यात्री भार कम रहने के कारण और श्री विजयपुरम में अंतर्राष्ट्रीय ईंधन आपूर्ति सुविधाएं उपलब्ध न होने के कारण वित्तीय संकट की स्थिति बन गई है। सांसद ने गृहमंत्री से आग्रह किया कि एयर एशिया को वीर सावरकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर लैंडिंग चार्ज से छूट दी जाए और अण्डमान निकोबार प्रशासन द्वारा कम से कम चौबीस महीने क लिए एयर पोर्टशुल्क में पचास प्रतिशत की रियायत दी जाए, जिससे द्वीपों की अंतर्राष्ट्रीय कनेक्टिविटी में सुधार होगा।

<><><><><><><>

नेताजी सुभाष चन्द्र बोस द्वीप में फायरिंग अभ्यास किया जाएगा। यह अभ्यास आज शाम छह बजे से कल सवेरे छह बजे तक चलेगा। आम जनता से अपील की गई है कि वे इस दौरान अपनी सुरक्षा का ध्यान रखे और फायरिंग रेंज से दूर रहे।

<><><><><><><>

दुबई में चैंपियंस ट्रॉफी एक दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता में ग्रुप ए के एक अहम मुकाबले में कल रात भारत ने पाकिस्तान को छह विकेट से हरा दिया। 242 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने बयालिस ओवर और तीन गेंद में चार विकेट पर 244 रन बना लिए। भारत की ओर से विराट कोहली ने नाबाद शतक लगाया जबकि श्रेयस अय्यर ने नाबाद 56 रन की पारी खेली। कोहली का यह 51वां एक दिवसीय शतक है।

पाकिस्तान के लिए शाहीन अफरीदी ने दो जबकि अबरार अहमद और खुशदिल शाह ने एक–एक विकेट लिया।

<><><><><><><>

जरावा क्रीक के सरकारी मिडिल स्कूल, में बासठवीं वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नीलंबुर पंचायत के प्रधान सतीश नायर मुख्य अतिथि थे। कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने अपने एथलेटिक कौशल का प्रदर्शन किया और बड़े उत्साह के साथ सभी प्रतिस्पर्धाओं में भाग लिया। प्रतियोगिता में ओंगी हाउस चैंपियन के रूप में उभरा। विजेताओं को पदक और प्रमाण पत्र दिए गए। कार्यक्रम में स्कूल के प्रभारी शिक्षक एस. रमेश ने बच्चों को अपनी खेल भावना बनाए रखने की सलाह दी।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में कहा कि भारत ए आई के क्षेत्र मे तेजी से अपनी मजबूत पहचान बना रहा है–द डेली टेलीग्राम्स की बड़ी खबर है। साथ ही प्रधानमंत्री के अण्डमान निकोबार द्वीपसमूह में डियर वूमन के नाम से जानी–जाने वाली अनुराधा राव का उनके पशु प्रेम के प्रति समर्पण का उल्लेख किए जाने के समाचार को–द्वीप समाचार ने अपने पहले पन्ने पर सचित्र प्रकाशित किया है। सांसद बिष्णु पद रे के गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर एयर एशिया की कोलालामपुर–श्री विजयपुरम उड़ानों के लिए लैंडिंग चार्ज माफ करने और एयरपोर्ट शुल्क में पचास प्रतिशत छूट देने की मांग के समाचार को – इको ऑफ इंडिया ने अपने पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है, जबकि कृषि विभाग द्वारा डिगलीपुर के निश्चिंतपुर गांव में 'खाद, जैव उर्वरक और जैव कीटनाशकों सहित विभिन्न जैविक आदानों की तैयारी और उपयोग' पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के समाचार को इंफो इंडिया ने अपने पहले पन्ने पर जगह दी है।

<><><><><><><>